कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा / माध्य / अ–4 / म.गां. / अंग्रेजी माध्यम / 2019–20 /   दिनांक : **12.07.2019**

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक : 08.07.2019 द्वारा समस्त जिला मुख्यालयों पर वर्ष : 2019–20 से स्थापित की गई राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के संस्था प्रधानों एवं उक्त विद्यालयों से सम्बन्धित जिला स्तरीय नॉडल अधिकारी – अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (शैक्षिक प्रकोष्ठ), कार्यालय– जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक की माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला दिनांक : 13.07.2019 को प्रातः 11 बजे से आयोजित किए जाने बाबत् निर्देश जारी किए गए थे। अपरिहार्य कारणों से उक्त कार्यशाला को स्थगित करते हुए समस्त संभागीगणों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यशाला अब दिनांक : 17.07.2019 को प्रातः 11 बजे से सायः 04 बजे तक प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,राजस्थान, बीकानेर में स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी ।

शेष निर्देश पूर्वोल्लेखित समसंख्यक आदेश दिनांक : 08.07.2019 के अनुसार यथावत रहेंगे।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रा.शि.) राजस्थान, बीकानेर।
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, बीकानेर को संशोधित कार्यक्रमानुसार कार्यशाला आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने हेतु।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक, समस्त जिले।
8. अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (शैक्षिक प्रकोष्ठ),कार्यालय– जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)– माध्यमिक, समस्त जिले।
9. समस्त प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)।
10. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
11. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
12. स्टाफ ऑफिसर,निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को संशोधित कार्यक्रमानुसार कार्यशाला आयोजन बाबत् अग्रिम व्यवस्थार्थ।
13. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

D:\ma - D\General letter\General latter.doc81